भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में पौधरोपण करते छात्र

नवप्रवेशी आइटियंस ने किया पौधरोपण

वाराणसी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बीएचयू में मंगलवार को जिमखाना सहित अन्य खेल के मैदानों में नव प्रवेशी छात्रों के हाथों फलदार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर छात्र अधिष्ठाता प्रो. बीएन राय के नेतृत्व में 20 स्वर्ण रेखा आम, 5 आंध्रा जामुन, 5 कांटा रहित बेल, 10 चीकू, 10 नरेंद्र आंवला, 10 लीची के अलावा 10 रिका पॉम और 10 फॉक्सटेल पॉम के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर प्रोफेसर राय ने बताया कि महामना हमेशा फलदार वृक्षों को लगाने की प्रमुखता देते थे, ताकि विद्यार्थियों को फल यहीं कैंपस में ही सुलभ रहे। नवप्रवेशी छात्रों ने अपने लगाए पौधों को गोद लिया और संकल्प लिया कि आने वाले चार वर्षों तक जब तक वे परिसर में पढ़ायी करते रहेंगे इनका ख्याल रखेंगे।

जनसंदेश टाइम्स– 08.08.2018